BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI............

Date 06/09/2024 .... Page .....II..................... Column .....01...............

Subject शिक्षक अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं महंत बालकनाथ योगी

शिक्षक अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं : महंत बालक नाथ योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कुलाधिपति एवं महंत बालक नाथ योगी ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और शिक्षकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि वे विद्यार्थियों को न केवल शैक्षिक ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें संस्कार और अनुशासन का भी पाठ पढ़ाते हैं। उन्होंने छात्रों को भी प्रेरित किया कि वे अपने शिक्षकों का सम्मान करें और उनसे जीवन के मूल्यों को सीखें। शिक्षक एक विद्यार्थी के जीवन में वो दीपक होते हैं, जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं।

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कुलाधिपति एवं महंत बालक नाथ योगी व कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एच एल वर्मा। फोटो : हरिभूमि

इन्हें किया सम्मानित

डॉ. अनिल कनवा, डॉ. जसप्रीत दहिया, डॉ. सुमन, डॉ. सपना, डॉ. विनीता, डॉ. देवेंद्र, डॉ. नीरज कुमार खरे, डॉ. अजय दहिया, डॉ. ऋतु, डॉ. मनीष, डॉ. राज रानी, डॉ. नेहा, डॉ. रवि कुमार राणा, डॉ. कमल कुमार, डॉ. विनोद भाटिया, डॉ. पल्लवी भारद्वाज, डॉ. मनोज अंतिल, डॉ. संगीता मलिक, डॉ. पवन जालवाल, डॉ. बलविंदर, डॉ. रिम्मी, डॉ. पूनम सैनी, डॉ. सोनिया सरोहा, डॉ. ज्योति, डॉ. राजीव, डॉ. राहुल, डॉ. बीएम यादव, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. बाबू राम, डॉ. यशपाल, डॉ. मधु अहलावत आदि को सम्मानित किया।